आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 31.05.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज आकशवाणी से मन की बात की एक सौ चौंतीसवीं कड़ी में देश–विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे।
2. राष्ट्रीय स्मारक सेल्यूलर जेल से फ्लैग प्वाइंट तक वॉकाथान के साथ आकाशवाणी का नब्बेवां स्थापना वर्ष मनाया गया।
3. टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत द्वीपसमूह में साढ़े छः सौ आयुष्मान आरोग्य शिविरों के माध्यम से नागरिकों के लिए स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित की गई।
4. मौसम विभाग ने द्वीपसमूह में भारी बारिश के बीच समुद्र में ऊँची लहरों और तेज हवाओं की चेतावनी जारी की।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सवेरे ग्यारह बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ चौंतीसवी कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, एआईआर न्यूज़ वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसका प्रसारण एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी प्रादेशिक भाषाओं में भी कार्यक्रम प्रसारित करेगा।

<><><><><><><>

आकाशवाणी के नब्बे वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में कल आकाशवाणी श्री विजय पुरम द्वारा राष्ट्रीय स्मारक सेल्युलर जेल से फ्लैग प्वाइंट तक वॉकाथॉन का आयोजन किया गया। अंडमान एवं निकोबार प्रशासन के मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार, ने मुख्य अतिथि के रूप में वॉकाथॉन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वॉकाथॉन के शुभारंभ से पूर्व आकाशवाणी की प्रतिष्ठित सिग्नेचर ट्यून प्रस्तुत की गई। इसके साथ ही आकाशवाणी के नब्बे वर्ष पूरे होने पर आधारित एक विशेष गीत भी आकाशवाणी की टीम द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने कहा कि आकाशवाणी की सिग्नेचर ट्यून लोगों को जगाने का काम करती है, उनमें चेतना का संचार करती है और समाज से सक्रिय रूप से जुड़े

रहने की प्रेरणा देती है। उन्होंने बीते नौ दशकों में संस्कृति, शिक्षा और विभिन्न सामाजिक विषयों पर जन–जागरूकता फैलाने में आकाशवाणी की भूमिका की सराहना की।

मुख्य सचिव ने कहा कि आकाशवाणी श्री विजय पुरम दो जून उन्नीस सौ तिरसठ से द्वीपवासियों की सेवा कर रहा है और भविष्य में भी इसी समर्पण के साथ कार्य करता रहेगा। इस अवसर पर उप महानिदेशक (अभियांत्रिकी) एवं कार्यालय प्रमुख श्री सी. सुब्बा राव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में आकाशवाणी और दूरदर्शन केंद्र के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन द्वारा चौबीस मार्च से टीबी मुक्त भारत अभियान – सौ दिवसीय अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य तपेदिक उन्मूलन के लिए व्यापक और लक्षित प्रयास सुनिश्चित करना है। चौबीस मार्च से उनतीस मई तक अभियान के अंतर्गत द्वीपों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। इस अवधि में कुल छः सौ बावन आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित किए गए, जिनमें एक सौ सड़सठ शहरी, चार सौ पचासी ग्रामीण, सात सामूहिक आवासीय परिसरों तथा नौ अन्य क्षेत्रों में लगाए गए शिविर शामिल हैं। इन शिविरों में कुल छब्बीस हजार अट्ठारह लोगों की उपस्थिति दर्ज की गई, जिनमें ग्यारह हजार आठ सौ पचहत्तर पुरुष और चौदह हजार एक सौ तिरालीस महिलाएं शामिल रहीं। अभियान के दौरान नि–क्षय पोर्टल पर नए एवं पुनः दर्ज मामलों सहित छः हजार पांच सौ पिचानब्बे नामांकन किए गए। इसके साथ ही लोगों से निक्षय मित्र बनकर टीबी रोगियों को पोषण और सामाजिक सहयोग देने का आह्वान किया गया है।

<><><><><><><>

सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय द्वारा राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम के सहयोग से आयोजित चल रहे चलचित्र अंडमान एवं निकोबार फिल्म महोत्सव के अंतर्गत कल भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण सभागार में दो चर्चित फिल्मों विलेज रॉकस्टार्स और मंजुम्मेल बॉयज़ का प्रदर्शन किया गया। फिल्म प्रेमियों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति के बीच आयोजित स्क्रीनिंग में विद्यार्थियों तथा स्थानीय समुदाय के लोगों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया और बड़े पर्दे पर गुणवत्तापूर्ण सिनेमा का आनंद लिया। विलेज रॉकस्टार्स ने अपनी प्रभावशाली कहानी, संगीत और दमदार अभिनय से दर्शकों को प्रभावित किया। फिल्म की भावनात्मक गहराई और एक संगीतकार की संघर्षपूर्ण यात्रा के चित्रण को दर्शकों ने सराहा। वहीं, वास्तविक घटनाओं से प्रेरित सर्वाइवल थ्रिलर मंजुम्मेल बॉयज़ ने पूरे समय दर्शकों को बांधे रखा। फिल्म की रोचक कथा, जीवंत अभिनय

तथा मित्रता और जिजीविषा जैसे विषयों को दर्शकों ने खूब पसंद किया। बाईस मई से शुरू हुआ यह चलचित्र महोत्सव इक्कीस जून तक जारी रहेगा। महोत्सव के अंतर्गत प्रत्येक शुक्रवार और शनिवार को फिल्म प्रदर्शन आयोजित किए जा रहे हैं।

<><><><><><><>

मौसम विभाग ने अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में आज से पांच जून तक भारी बारिश की आशंका व्यक्त की है। इस दौरान बिजली चमकने और तेज रफ्तार से हवाएं चलने का भी अनुमान है। इस अवधि के दौरान दो जून तक अंडमान निकोबार तट तथा उससे सटे समुद्री क्षेत्रों में लगभग साठ किलोमीटर प्रति घंटे तक तेज हवाएं चलने की आशंका है। इसे देखते हुए मछुआरों को दो जून तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है। प्रशासन ने नावों के संचालन में अत्यधिक सतर्कता बरतने तथा समुद्री तटों पर मनोरंजन और अन्य गतिविधियों के दौरान विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है।

<><><><><><><>